प्रादेशिक समाचार

दिनांक–11.08.2024 (दोपहर–1310 बजे)

मुख्य समाचार

1- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज नई दिल्ली में उच्च उपज देने वाली फसलों की 109 किस्मे करेंगे जारी, जिनमें 34 खेती और 27 बागवानी फसलें हैं शामिल।

2- पेरिस ओलंपिक खेल समारोह का आज शाम होगा भव्य समापन, ओलंपिक प्रतियोगिता में भारत ने एक रजत और पांच कास्य पदक किये अपने नाम।

3- पश्चिमी सिंहभूम जिले में नक्सल विरोधी अभियान के दौरान सुरक्षा बलों ने आईईडी विस्फोटक बरामद किया, पिछले 24 घंटे के दौरान दूसरी बार सुरक्षा बलों को मिली यह सफलता।

4- 16 अगस्त तक देश के पूर्वोत्तर, क्षेत्रों में मूसलाधार बारिश का है अनुमान, मौसम विभाग ने धनबाद, गिरिडीह, देवघर, जामताड़ा सहित कई जिलों के लिए किया ऑरेंज अलर्ट जारी।

****

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज नई दिल्ली में उच्च उपज देने वाली, जलवायु अनुकूल और जैव–सशक्त फसलों की 109 किस्में जारी करेंगे। इस दौरान श्री मोदी किसानों और वैज्ञानिकों से बातचीत भी करेंगे।

****

पेरिस ओलंपिक का समापन समारोह भारतीय समयानुसार रात साढे 12 बजे शुरू होगा। समारोह में कई जाने–माने अभिनेता और कलाकार अपनी प्रस्तुति देंगे। समापन समारोह में परेड के लिए भारत से दो बार ओलंपिक पदक विजेता पी.आर. श्रीजेश और मनु भाकर को चुना गया है। पेश है एक रिपोर्ट–

****

अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक संघ ने कल पेरिस में निशानेबाज अभिनव बिन्द्रा को ओलंपिक ऑर्डर से सम्मानित किया। यह पुरस्कार ओलंपिक में असाधारण प्रदर्शन के लिए दिया जाने वाला सर्वोच्च सम्मान है। अभिनव ने वर्ष 2008 में पेइचिंग ओलंपिक में भारत का पहला व्यक्तिगत ओलंपिक स्वर्ण पदक जीता था।

****

राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा – नीट– पीजी 2024 की परीक्षा आज आयोजित की जा रही है। राष्ट्रीय चिकित्सा विज्ञान परीक्षा बोर्ड कंप्यूटर आधारित इस परीक्षा को दो पारियों में संपन्न करा रहा है। इस प्रवेश परीक्षा में दो लाख से अधिक छात्र बैठ रहे हैं। यह परीक्षा जून में अपने निर्धारित समय से एक दिन पहले टाल दी गई थी। यह निर्णय परीक्षाओं की शुचिता पर आरोपों के कारण लिया गया था।

****

मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने कहा कि वर्ष 2025 में राज्य सरकार द्वारा झारखंड के कलाकारों के लिए विशेष नीति बनाई जाएगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य के कलाकार झारखंड की कला–संस्कृति को संरक्षित करने का कार्य कर रहे हैं। यहां के कलाकारों को आने वाले दिनों में एक बेहतर नीति और कार्ययोजना बनाकर आगे बढ़ाने का काम उनकी सरकार करेगी।

****

जमशेदपुर प्रखंड अंतर्गत खासमहल स्थित क्लब हाउस में प्रखंड अध्यक्ष बहादुर किस्कू की अध्यक्षता में झामुमो का बूथ स्तरीय समीक्षा बैठक एवं कार्यकर्ता सम्मेलन का आयोजन किया गया। इसमें प्रखंड अध्यक्ष बहादुर किस्कू ने कार्यकर्ताओं के बीच लोकसभा चुनाव में मिले मत की समीक्षा कर विधानसभा चुनाव की तैयारी में लगने का आह्वान किया।

****

पश्चिमी सिंहभूम जिले में नक्सल विरोधी अभियान के दौरान सुरक्षा बलों ने आईईडी विस्फोटक बरामद किया है। पिछले 24 घंटे के दौरान दूसरी बार सुरक्षा बलों को ये सफलता मिली है। पुलिस अधीक्षक आशुतोष शेखर ने बताया कि सारंडा क्षेत्र में चलाए जा रहे अभियान के दौरान छोटानागरा और जराईकेला थाना क्षेत्र में तिरिलपोसी के पास 5 किलोग्राम का एक आईईडी बरामद किया गया। उन्होंने बताया कि सुरक्षा के दृष्टिकोण से आईईडी को जंगल में ही नष्ट कर दिया गया। उल्लेखनीय है कि इस क्षेत्र में नक्सलियों के खिलाफ अभियान चलाया जा रहा है जो लगातार जारी है।

****

झारखंड उच्च न्यायालय के आदेश पर मतदाता वृद्धि को लेकर साहिबगंज जिले के बंगाल से सटे प्रखंडों के गांवों की जांच चल रही है।

****

साहेबगंज जिले के उपायुक्त हेमंत सती की अध्यक्षता में नमामि गंगे परियोजना अंतर्गत जिला गंगा समिति की बैठक की गई। बैठक में बिजली घाट निर्माण हेतु प्रस्ताव समर्पित करने के साथ जिले के 15 घाटों के सौंदर्यीकरण के लिए प्राक्कलन तैयार करने का निर्देश दिया गया । इसके अलावा पर्यटन, विधि व्यवस्था,आपदा, अवैध परिवहन,अवैध फिशिंग के रोकथाम के उद्देश्य से तीन वोट क्रय करने एवं शकुंतला घाट पर जेटी वोट कैमरा लगाने का निर्देश दिया गया।

****

सावन की चौथी सोमवारी कल है । इस अवसर पर राज्य भर में श्रद्धालुओं की भीड़ और सुविधा को देखते हुए प्रशासन की ओर से व्यापक तैयारी की गई है। कोडरमा में निकाली जाने वाली कांवर पदयात्रा को लेकर सभी तैयारियो को अंतिम रूप दिया जा रहा है। इस दौरान झुमरी तिलैया के झरनाकुंड से लाखों श्रद्धालु पवित्र जल का उठाकर 11 किलोमीटर की पदयात्रा के बाद ध्वजाधारी धाम पहुंचेंगे। श्री राम संकीर्तन मंडल के पदाधिकारी और सदस्यों के साथ प्रशासनिक तैयारियो को भी अंतिम रूप दिया जा रहा है। यह पदयात्रा तकरीबन 10 किलोमीटर तक एनएच से होकर गुजरती है।

****

गोड्डा जिले में वज्रपात की अलग–अलग घटना में एक की मौत हो गई और चार घायल हो गए। गोड्डा जिले के बिहार और झारखंड की सीमा के अंतर्गत हनवारा थाना क्षेत्र के कुशवाहा पोखर के पास बिजली गिरने से एक 20 वर्षीय युवक की मौत हो गई। युवक कैथिया गांव का रहने वाला था। एक दूसरी घटना में महागामा थाना क्षेत्र में नया नगर के पास बहियार में वज्रपात से चार लोग घायल ही गए। सभी घायलों का रेफरल अस्पताल महागामा में इलाज किया जा रहा है।

****

मौसम विभाग ने 16 अगस्त तक देश के पूर्वोत्तर, क्षेत्रों में मूसलाधार बारिश का अनुमान व्यक्त किया है। इसे देखते हुए मौसम विभाग ने धनबाद, गिरिडीह, देवघर, जामताड़ा सहित कई जिलों के लिए ऑरेंज अलर्ट जारी किया है । इस दौरान कई जगहों पर वज्रपात की भी संभावना व्यक्त की गई है।

*******समाप्त***************